भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +131
सोमवार, 3 फरवरी, 2020/14 माघ, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन परिपथ

+131. श्री चंद्र प्रकाश चौधरी:
श्री संजय सेठः
श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड और आंध्र प्रदेश में किन पर्यटन परिपथों का स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत चयन किया गया है;

(ख) इन परिपथों के अंतर्गत किन स्थानों का चयन किया गया है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत कार्य करने हेतु स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन कार्यों को कब तक पूरा किया जाएगा?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्रप्रदेश तथा झारखंड राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है:-

(करोड़ रुपए में)

राज्य/स्वीकृति का वर्ष	विवरण	स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)	परियोजना की स्थिति	परियोजना की समयरेखा
आंध्र प्रदेश **2014-15**	तटवर्ती परिपथ के अंतर्गत काकीनाडा- होप आईलैंड- कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पस्सारलपुडी - अदूरू – एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	**67.84**	**100%**	पूरा कर लिया है
आंध्र प्रदेश **2015-16**	तटवर्ती परिपथ के अंतर्गत नेल्लौर- पुलीकट लेक- ऊबलमादुगू जलप्रपात-नेलापट्टू- कोटाकोडुरु- मायापदु- रामतीर्थम- इसकापल्ली का विकास	**59.70**	**90%**	जनवरी 2020
आंध्र प्रदेश **2017-18**	बौद्ध परिपथ के अंतर्गत शालीहुंडम- थोटलाकोंडा- बावीकोंडा- बोज्जनकोंडा- अमरावती- अनुपू का विकास	**52.34**	**45%**	मार्च 2020
झारखंड **2018-19**	इको परिपथ के अंतर्गत डालमा - चांदिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य-मिर्चिया-नेतरहाट का विकास	**52.72**	**0%**	18 महीने

****